# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिनांक 12.09.2023 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की तिरालीसवीं बैठक का

# कार्यवृत्त

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमतीनगर
लखनऊ–226010



**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 12.09.2023 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की तिरालीसवीं बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थितिः**– संलग्न सूची के अनुसार।

**बिन्दु संख्या–01**

राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की दिनांक 10.08.2023 को सम्पन्न बयालीसवीं बैठक के अनुपालन आख्या का मा0 समिति द्वारा संज्ञान लेते हुये निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. जिन ग्रामो में पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है उन योजनाओ के समस्त कार्य समयावधि के अन्तर्गत अवश्य पूर्ण कर लिये जाएं।
2. जिन ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं की स्वीकृति राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की जा चुकी है उनमें से जिन ग्राामों में अभी कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, उन ग्रामों का अनुबंध अतिशीघ्र कराते हुये उन पर कार्य प्रारम्भ कर दिये जाएं।

एजेण्डा बिन्दु संख्या–1

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम (जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी) के अन्तर्गत राज्य स्तरीय तथा जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण तथा पेयजल नमूनों को आउट सोर्सिंग कार्मिकों के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 में परीक्षण कराये जाने हेतु आवश्यक धनराशि रू० 34.48 करोड़ की कार्य योजना का प्रस्ताव।**

प्रदेश में पेयजल नमूनों के परीक्षण हेतु 76 नग जल परीक्षण प्रयोगशालाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनमें 01 राज्य स्तरीय प्रयोगशाला एवं 75 जनपद स्तरीय प्रयोगशालायें सम्मिलित हैं, जिनमें 29 प्रयोगशालाओं को NABL Accreditation प्राप्त हो चुका है, जबकि 47 प्रयोगशालाओं का NABL Accreditation की कार्यवाही प्रगति पर है। जिन्हें वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित हैं।

तत्क्रम में समस्त (राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय) प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण एवं संचालन तथा पेयजल नमूनों के रसायनिक परीक्षण के साथ ही इनकी जीवाणु परीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों एवं NABL Accreditation हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में परीक्षण हेतु आवश्यक रसायन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराना प्रस्तावित हैं।

समस्त प्रयोगशालाओं का संचालन सुचारू रूप से किए जाने तथा प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक उपकरण, ग्लासवेयर, रसायनिक सामग्री एवं आउटसोर्स के माध्यम से समस्त प्रयोगशालाओं में नियुक्त किये गये कुशल कार्मिकों के वेतन भुगतान एवं जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र के आधार पर प्रयोगशालाओं में मौजूदा उपकरणों की देख–रेख, भवन किराया तथा समस्त प्रयोगशालाओं का सुचारू रूप से संचालन किए जाने हेतु वांछित धनराशि का विस्तृत प्रस्ताव निम्नवत् प्रस्तुत है:–

**Details of Funds required for the Water testing laboratory Fy 2023-24 (Excluding Purchase of Chemicals, C.R.M, Instruments, and glassware)**

| S.No | Particular | Amount (INR) |
|---|---|---|
| 1 | Total Expenditure on Laboratory Staff (Outsourcing for State, Regional and District Level Laboratory) | 15,50,00,000.00 |
| 2 | Total Expenditure on chemicals, CRM, glassware | 4,75,75,000.00 |
| 3 | Total Expenditure on Lab Instrument | 5,29,70,000.00 |
| 4 | Repairing of existing instruments @ Rs 100000.00 per lab max | 73,40,000.00 |
| 5 | Upgradation of existing laboratory @Rs 50000.00 per lab per max. | 36,93,500.00 |
| 6 | Rent for laboratory space (minimum 1200 sq ft) 16- Dist Chemical and Micro both, 06- Dist only Micro lab building required on rent. | 58,30,400.00 |
| 7 | Electricity charges for 12 months @Rs 7000.00 per lab per month max + GST @18% | 71,43,200.00 |
| 8 | House keeping @Rs 1000.00 per lab per month max | 9,00,000.00 |
| 9 | Internet Facility @Rs 1000.00 per lab per month max + GST | 10,41,300.00 |
| 10 | Minor urgent requirements (Only for emergency procurement of chemicals/ C.R.M./glassware/ minor repairs/ and related laboratory works)@ Rs 35000.00 per lab Max | 26,18,000.00 |
| 11 | Hiring of Sampling Vehicle for 12 month @Rs 15.00/km to travel 2500 km per Month per district for one year. For Chemical and Bacteriological analysis of water samples minimum 250 samples per month per district as per roster shall be collected. | 3,69,53,500.00 |

| Details of Funds required for the Water testing laboratory Fy 2023-24<br>(Excluding Purchase of Chemicals, C.R.M, Instruments, and glassware) | | |
|---|---|---|
| **S.No** | **Particular** | **Amount (INR)** |
| 12 | Expenditure on 2% samples submission at State lab Lucknow for verification of total tested in a month @Rs 1500.00 per month Max. | 13,50,000.00 |
| 13 | NABL Proficiency Testing @Rs 8000.00 per lab | 6,00,000.00 |
| 14 | NABL External Calibration of equipment @ Rs 25000.00 per lab max | 18,21,600.00 |
| 15 | NABL 01 day Internal Audit including travel expenses, boarding, lodging of 01 Auditors @Rs 5000.00 per lab | 3,75,000.00 |
| 16 | NABL Application fee @Rs25960.00 Per lab | 19,47,000.00 |
| 17 | NABL 2 days Final Audit including boarding and lodging of 02 Auditors @ Rs 40000.00 Per lab Max | 26,49,200.00 |
| 18 | NABL 02 Assessment Fee @Rs 80000.00 per Lab | 60,00,000.00 |
| 19 | NABL Annual Accreditation Fee @Rs 30000.00 per Lab | 22,50,000.00 |
| | **Sub Total** | **33,80,57,500.00** |
| | **Contingencies @ 2%** | **6761200.00** |
| | **Grand Total** | **34,48,19,000.00** |

उपरोक्त तालिकानुसार आउट सोंसिंग के माध्यम से नियुक्त किये गये मानव संसाधन को मासिक वेतन (12 माह) उपलब्ध कराना तथा सामग्री को क्रय कर समस्त (राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय) प्रयोगशालाओं को समयबद्ध रूप से आपूर्ति करना तथा NABL Accreditation एवं प्रयोगशालाओं में मौजूदा उपकरणों की देख–रेख, भवन किराया तथा समस्त प्रयोगशालाओं का सुचारू रूप से संचालन किए जाने हेतु अनुमानित व्यय रू0 34.48 करोड़ (रूपये चौंतीस करोड़ अड़तालीस लाख मात्र) प्रस्तावित है।

**प्रस्ताव–जल जीवन मिशन कार्यक्रम (जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी) के अन्तर्गत राज्य स्तरीय तथा जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण तथा पेयजल नमूनों को आउटसोर्सिंग कार्मिकों के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 में परीक्षण कराये जाने हेतु अनुमानित लागत कुल रू0 34.48 करोड़ (रूपये चौंतीस करोड़ अड़तालीस लाख मात्र) का प्रस्ताव मा0 समिति के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

**निर्णय–जल जीवन मिशन कार्यक्रम (जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी) के अन्तर्गत राज्य स्तरीय तथा जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण तथा पेयजल नमूनों को आउटसोर्सिंग कार्मिकों के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 में परीक्षण कराये जाने हेतु कुल अनुमानित लागत रू0 34.48 करोड़ (रूपये चौंतीस करोड़ अड़तालीस लाख मात्र) के प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त, मा0 समिति द्वारा कम संख्या–11 पर *"Hiring of Sampling Vehicle for 12 month @Rs 15.00/km to travel 2500 km per Month per district for one year. For Chemical and Bacteriological analysis of water samples minimum 250 samples per month per district as per roster shall be collected."* हेतु प्रस्तावित धनराशि के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि विभिन्न विकल्पों यथा Post Office के माध्यम से, मोटर साइकिल के माध्यम से, अथवा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध ISA इत्यादि के माध्यम से सैम्पल कलेक्ट करने के सम्बन्ध में तकनीकी एवं वित्तीय दृष्टिकोण से तुलनात्मक अध्ययन करते हुए आगामी राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाय। शेष अन्य मदों हेतु प्रस्तावित धनराशि रू0 30,71,26,284.00 (रूपये तीस करोड़ इकहत्तर लाख छब्बीस हजार दो सौ चौरासी मात्र) (रू0 30,11,04,200.00+Contingencies@2% 60,22,084.00= 30,71,26,284.00) के प्रस्ताव पर मा0 समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।**

## अन्य बिन्दु

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

बैठक में उपरोक्तानुसार निर्णय लिये गये। तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

(अनुराग श्रीवास्तव)
आई०ए०एस०
प्रमुख सचिव,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
उ०प्र० शासन/अध्यक्ष
राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति।

**राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
किसान बाजार, विभूतिखण्ड गोमतीनगर लखनऊ-226010
संख्या-2757/डब्ल्यू-335/टेक/जे0जे0एम0/एस0एल0एस0एस0सी0-43वीं/2023-24
दिनांक 12 सितम्बर, 2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. नामित प्रतिनिधि, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. प्रबन्ध निदेशक(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, 6 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
4. विशेष सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निदेशक, भू-गर्भ जल विभाग, उ0प्र0, 9वां तल इंदिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।
6. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय जल ओयोग, लखनऊ-226016।
7. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूगर्भ जल बोर्ड, लखनऊ।
8. मुख्य अभियंता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
9. प्रोफ़ेसर/विभागाध्यक्ष, सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट,बुन्देलखण्ड इस्टीटयूट आफ इंजी.टेक्नोलाजी, झांसी।
10. प्रोफ़ेसर/विभागाध्यक्ष, सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़।
11. प्रोफ़ेसर एण्ड हेड, सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट, आई0आई0टी0, बी0एच0यू0 वाराणसी।
12. प्रोफ़ेसर एण्ड हेड, सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट, मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद।
13. आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सिविल अभियंत्रण विभाग, मदन मोहन मालवीय, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
14. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(बृजराज सिंह यादव)
आई0ए0एस0
अधिशासी निदेशक/
सदस्य सचिव
राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति

# राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

## दिनांक 12.09.2023 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की तिरालीसवीं बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों/विशेषज्ञों की सूची

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | संस्था/विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनुराग श्रीवास्तव आई0ए0एस0 | प्रमुख सचिव | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 2 | डा0 बलकार सिंह आई0ए0एस0 | प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण) | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ। |
| 3 | श्री प्रदीप कुमार सिंह आई0ए0एस0 | निदेशक राष्ट्रीय जल जीवन मिशन। | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, चौथा तल, पंडित दीनदयाल अन्तोदय भवन सीजीओ काम्पलेक्स लोधी रोड नई दिल्ली–110003 |
| 4 | श्री बृजराज सिंह यादव आई0ए0एस0 | अधिशासी निदेशक | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |
| 5 | श्री अबसार खॉन | इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ अभियन्ता राष्ट्रीय जल जीवन मिशन। | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, चौथा तल, पंडित दीनदयाल अन्तोदय भवन सीजीओ काम्पलेक्स लोधी रोड नई दिल्ली–110003 |
| 6 | श्री सुमित प्रियदर्शी | सहायक सलाहकार राष्ट्रीय जल जीवन मिशन। | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, चौथा तल, पंडित दीनदयाल अन्तोदय भवन सीजीओ काम्पलेक्स लोधी रोड नई दिल्ली–110003 |
| 7 | श्री ए0पी0 सिंह | निदेशक | केन्द्रीय जल आयोग,अपर गंगा बेसिन जान्हवी सदन, इन्दिरा नगर, लखनऊं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | श्री रविकान्त सिंह | सीनियर जी0ओं0 हाइड्रोलोजिस्ट | भूगर्भ जल विभाग, नौवां तल इन्दिरा भवन अशोक मार्ग,लखनऊ। |
| 9 | श्री संजीव मेहरोत्रा | वैज्ञानिक–डी | केन्द्रीय भूगर्भ जल बोर्ड, उत्तरी क्षेत्र, सीतापुर रोड, अलीगंज लखनऊ। |
| 10 | श्री इजहारूल हक फारूकी | प्रोफेसर एवं हेड | ए0एम0 यूनिविसिटी, अलीगढ। |
| 11 | श्री आर0सी0 वैश्य | प्रोफेसर एवं हेड | सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट, मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद। |
| 12 | श्री गोविन्द पाण्डेय | प्रोफेसर एवं हेड | सिविल अभियंत्रण विभाग, मदन मोहन मालवीय, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। |
| 13 | श्री अमिताभ श्रीवास्तव | प्रोफेसर एवं हेड | सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमेन्ट,बुन्देलखण्ड इस्टीटयूट आफ इंज टेक्नोलाजी, झांसी। |
| 14 | डा0 अम्बरीष कुमार सिंह | उप सचिव | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 15 | श्री डी0के0 सिंह | मुख्यअभियंता (स्तर–2)/ यूनिटकोआर्डिनेटर(तकनीकी) | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |
| 16 | श्री गया प्रसाद | स्टेट कोआर्डिनेटर | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |
| 17 | श्री आर0के0 शर्मा | मुख्यअभियंता (ग्रामीण) | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ। |
| 18 | श्री जनार्दन सिंह | अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ। |
| 19 | श्रीमती रितिका राय | अधिशासी अभियंता | राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ। |